## सीएम योगी से मिलीं राजदूत, मिशन शक्ति जैसी योजनाएं अपनाने के दिए संकेत

# यूपी की राह चला इंडोनेशिया ओडीओपी जैसी योजना शुरू

लखनऊ, विशेष संवाददाता। इंडोनेशिया की राजदूत कृष्णमूर्ति ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के बेहतरीन इनिशिएटिव ओडीओपी से प्रेरणा लेते हुए इंडोनेशिया के बाली में 'वन विलेज वन प्रोडक्ट' के कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस प्रयास से जमीनी स्तर पर अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। महिलाओं के लिए खासतौर पर शुरू की गई मिशन शक्ति के शानदार नतीजों का भी उन्होंने अनुभव किया है।

भारत में इंडोनेशिया की राजदूत इना एच. कृष्णमूर्ति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर भेंट की। इस मौके पर इंडोनेशिया और भारत, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मध्य संबंधों को और बेहतर करने के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

अनुभव साझा करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा कि उत्तर प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्र में जिस तरह तरक्की कर रहा है, वह शानदार है।

**अयोध्या में दीपोत्सव पर आएं इंडोनेशिया के मंत्री:** मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ संभव है कि दोनों देशों की उपासना पद्धति में कुछ भिन्नता हो गई हो, किंतु हमारी मूल भावना एक ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें प्रसन्नता होगी, यदि इस वर्ष अयोध्या दीपोत्सव के मुख्य आयोजन में इंडोनेशिया के मंत्री के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक दल का स्वागत करने का अवसर मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। इंडोनेशिया के उद्यमियों के लिए यह एक अच्छा अवसर हो सकता है।



सीएम योगी से मंगलवार को इंडानेशिया की राजदूत ने शिष्टाचार भेंट की।

### इंडोनेशिया के लिए शुरू होगी यूपी से हवाई सेवा

कृष्णमूर्ति ने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए कहा कि मेरे नाम में ही कृष्णमूर्ति जुड़ा हुआ है, सो इस प्रदेश से लगाव होना स्वाभाविक ही है। हम चाहते हैं कि यूपी और इंडोनेशिया के बीच एक सीधी हवाई सेवा उपलब्ध हो, तो हमें खुशी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू हो चुका है। वहां से दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के लिए हवाई उड़ान शुरू करने के लिए तैयारी की जा रही है। कृष्णमूर्ति ने कहा कि खाद्यान्न उत्पादक राज्य होने के कारण भी यूपी से अपेक्षाएं हैं।

### पांच लाख को रोजगार का रास्ता तैयार : योगी

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश बेहतर कानून व्यवस्था, निवेश और रोजगार का संगम बन गया है। कानून व्यवस्था मजबूत होने से निवेश की अपार संभावनाएं आगे बढ़ी हैं। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। सरकार के 100 दिन पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में प्रदेश में 80000 करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा गया। इससे पांच लाख लोगों के प्रत्यक्ष और 20 लाख लोगों के लिए परोक्ष रोजगार का मार्ग प्रशस्त हुआ। सीएम मंगलवार को गोरखपुर क्लब में 464 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीयत साफ हो तो विधाता भी सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाते हैं।